सहायक के पद पर भर्ती- 2023: बैंक के जयपुर कार्यालय में नियुक्ति के लिए अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों के रोल नंबर का प्रदर्शन

सहायक के पद पर भर्ती के संबंध में हमारी वेबसाईट www.rbi.org.in में दिनांक 13 सितम्बर 2023 के विज्ञापन का संदर्भ ग्रहण करें। ऑनलाइन परीक्षा, भाषा प्रवीणता परीक्षा और मूल दस्तावेज़ सत्यापन में उम्मीदवारों के प्रदर्शन के आधार पर उक्त पदों के लिए अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की सूची नीचे दिए गए लिंक में दर्शाई गई है :

“अनंतिम आधार पर चयनित उम्मीदवारों की सूची”

यह सूची अनंतिम है और उम्मीदवारों के चिकित्सकीय रूप से फिट पाए जाने और हमारे उक्त विज्ञापन में उल्लिखित अन्य नियमों और शर्तों को पूरा करने के अधीन है । यह ध्यान दिया जाए कि आवश्यक प्रमाणपत्रों / दस्तावेजों के नहीं पाए जाने पर और / या किसी भी नियम और शर्तों को पूरा नहीं करने की स्थिति में, उम्मीदवारों को बैंक में नियुक्त नहीं किया जा सकता है।
अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव जयपुर कार्यालय द्वारा उनके संबंधित डाक पते/ ईमेल पर भेजा जाएगा। चयन प्रक्रिया से संबंधित सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।

क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक
मानव संसाधन प्रबंध विभाग
जयपुर